दिनांक 13.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र से सम्पूर्ण 70 वार्डों के श्रमिक बाहूल्य क्षेत्रों के निवासियों तथा पात्र हितग्राहियों के लिए चिन्हित 54 स्थलों पर विगत् 9 दिनों से लगाये जा रहे श्रम शक्ति कल्याण शिविर में कुल 21718 आवेदन प्राप्त किये गये हैं। आगामी तीन दिनों में शिविर में लगाये गये कर्मचारी घर–घर सर्वेक्षण कर छुटे हुए पात्र हितग्राहियों का नवीन श्रमिक पंजीयन प्रमाण–पत्र, मजदुर कार्ड का नवीनीकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षा तथा जीवन ज्योति बीमा, मुख्यमंत्री पेंशन, दिव्यांग यु.डी.आई.डी., तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के आवेदन लेंगे।

जिलाधीश उमेश अग्रवाल एवं आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर 05 से 13 अप्रैल तक लगाये गये श्रम शक्ति कल्याण शिविर में 12 अप्रैल को श्रमिक कार्ड पंजीयन के 10586, श्रमिक कार्ड पंजीयन को आधार से लिंक कराने 100, श्रम कार्ड नवीनीकरण हेतु 395, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा 2317, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना हेतु 459, नवीन मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 272 एवं दिव्यांगजनों से 92 आवेदन प्राप्त किये गये हैं। इस प्रकार 9 दिनों की शिविर में विभिन्न योजनाओं के कुल 21718 आवेदन शिविर के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा जमा किये गये।

निगम के श्रमिक बाहूल्य क्षेत्रों की बहूतायत को ध्यान में रखकर आयुक्त श्री चौहान ने आगामी 14, 15 एवं 16 अप्रैल तक शिविर में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे तीन दिवस घर–घर सर्वेक्षण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आवेदन भरवाकर एकत्र करें ताकि निगम क्षेत्र का कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न हो। आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को विशेष कर दिव्यांग हितग्राही जो शिविर स्थल तक नहीं पहुंच पाये हैं उनके घरों का चिन्हांकन करवाकर निगम के सर्वेक्षण टीम से उनके फॉर्म भरवायें तथा शासन की योजनाओं के लिए पात्र हितग्राही को इस सर्वेक्षण में शामिल करवाकर उन्हे लाभान्वित करवायें।

जन सम्पर्क विभाग